हिमाचल प्रदेश के जिला मुख्यालयों में एस० टी० डी० की सुविधा

1590. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कौन-कौन से जिला मुख्यालयों में एस० टी० डी० सुविधा उपलब्ध नहीं है ।

(ख) उपरोक्त जिलों में एस० टी० डी० सुविधाएं कब तक प्रदान कर दी जायेंगी, और

(ग) हिमाचल प्रदेश में जिला मुख्यालयों के अतिरिक्त किन-किन कस्बों को वर्ष 1992-93 तथा 1993-94 के दौरान एस० टी० डी० सुविधा उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जम्मू एवं कश्मीर में बडगाम और पुलवामा, मेघालय में नोंगपोह एवं बागमाड़ा और पंजाब में मान्सा एवं फतेहगढ़ साहिब ऐसे जिला मुख्यालय हैं, जहां एस० टी० डी० सुविधा उपलब्ध नहीं है ।

(ख) इस वर्ष के दौरान नोंगपाहे, बागमाड़ा, मानसा एवं फतेहगढ़ साहिब में एस० टी० डी० सुविधा प्रदान किए जाने का प्रस्ताव है ।

1993-94 में जम्मू एवं कश्मीर में बड़गाम और पुलवामा में एस० टी० डी० सुविधा प्रदान किये जाने का प्रस्ताव है ।

(ग) वर्ष 1992-93 के दौरान हिमाचल प्रदेश के जिन कस्बों को एस० टी० डी० सुविधा से जोड़े जाने का प्रस्ताव है, उनके नाम संलग्न विवरण में दिए गए हैं (**नीचे देखिए**)

1993-94 के लिए प्रस्तावित कस्बों के नामों को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है ।

विवरण

हिमाचल प्रदेश के उन कस्बों के नाम जिन्हें वर्ष 1992-93 के दौरान एस० टी० डी० सुविधा से जोड़े जाने का प्रस्ताव है ।

1. मेहतपुर
2. भून्तर
3. चैल
4. काण्डाघाट
5. पछाड़ (सरहान)
6. संग्रह (रेनूका)
7. अर्की
8. नादोन
9. बंगाना
10. धियोग
11. सरकाघाट
12. जोगेन्द्र नगर
13. पालमपुर
14. बैजनाथ
15. थानेधर

Telephone and STD facility in the country specially in Rajasthan

1591. SHRI SHIV CHARAN SINGH : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) what is the names of the State in the country where the telephone service is the best and at par with the foreign countries;

(b) what are the reasons for the difference in the matter of expansion of telephone services among the various States in the country;

(c) what are the reasons that while each and every tehsil headquarter in Uttar Pradesh has been linked with the S.T.D. service, the very big urban centres and subdistricts in other parts of the country are still deprived of this facility;

(d) what are the reasons for lack of communication services in Rajasthan;

(e) what are the reasons due to which the S.T.D. service which was scheduled to